उदासीनता | जमकर हो रहा घरेलू सिलेण्डर का इस्तेमाल, जांच और कार्रवाई की मांग, नियमों की उड़ रही धज्जियां

# घरेलू गैस का खुलेआम दुरुपयोग, दुकानदार बेखौफ



**नौरोजाबाद नवभारत 7 दिसंबर।** नगर में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) का बड़े पैमाने पर व्यवसायिक उपयोग धड़ल्ले से जारी है, लेकिन प्रशासनिक तंत्र की उदासीनता के चलते यह नियमों की अनदेखी लगातार बढ़ती ही जा रही है।

एलपीजी गैस, जो आमतौर पर घरों की जरूरतों के लिए सब्सिडी कीमत पर उपलब्ध कराई जाती है, उसे चाय-नाश्ते के ठेलों से लेकर बड़े होटलों, मिठाई दुकानों, नाश्ता सेंटरों, समोसा-जलेबी बनाने वाले प्रतिष्ठानों तक बेहिचक इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर के बाजारों में सुबह से देर रात तक कई दुकानें एवं ठेले घरेलू सिलेंडरों से खाना पकाते आसानी से देखे जा सकते हैं।

### होटलों में भी इनका उपयोग हो रहा

शहर के मैरीज हॉल, धर्मशालाओं और बड़े होटलों में भी घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग आम हो चुका है। नियमों के अनुसार व्यावसायिक गतिविधियों में केवल कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग अनिवार्य है, लेकिन अधिकांश दुकानदारों के पास व्यावसायिक कनेक्शन तक नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई होटल संचालकों व दुकानदारों ने कागजों में व्यावसायिक गैस कनेक्शन ले रखा है, लेकिन इसका उपयोग न के बराबर होता है।

### जांच के दौरान कॉमर्शियल सिलेंडर सामने रख देते हैं

जांच के दौरान दिखावे के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर सामने रख देते हैं, जबकि वास्तविक उपयोग घरेलू गैस का ही किया जा रहा है। इससे न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन होता है बल्कि सब्सिडी वाले गैस सिलेंडरों का अनुचित दुरुपयोग भी बढ़ता जा रहा है।

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की निष्क्रियता पर सवाल

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संबंधित विभागीय अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। न तो निरीक्षण की कार्रवाई होती है और न ही किसी प्रकार की धरपकड़। इसी लापरवाही का नतीजा है कि दुकानदार बेखौफ होकर घरेलू गैस से अपना व्यापार संचालित कर रहे हैं। नगर के पीपल चौक, बस स्टैंड, बाजारपूरा, इंदिरा चौक, चौपाटी, पांच नंबर, ढाबा सहित होटल ओर चाय दुकानों सहित नाश्ते के दुकान में खुलेआम घरेलू गैस का उपयोग हो रहा है।

### जांच व कार्रवाई की मांग

जनता और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और व्यापक जांच अभियान शुरू करने की मांग की है ताकि घरेलू गैस के दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके और नियमों का सही पालन सुनिश्चित हो सके। स्थानीय नागरिकों ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तुरंत संयुक्त जांच अभियान चलाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए।




# श्रमदान से की नर्मदा के घाटों की सफाई

▶ स्वच्छता सेवा के तहत मैया अभियान लगातार तीसरे वर्ष जारी

**डिंडौरी, नवभारत 7 दिसंबर।** मां नर्मदा की स्वच्छता सेवा के अंतर्गत संचालित 'मैया अभियान' के तहत रविवार प्रात: 7 बजे से पुल के समीप स्थित घाटों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।

बताया गया कि नगर में सर्वाधिक प्रदूषण इन्हीं घाटों में फैलता है, जिसे देखते हुए अभियान के सेवादार प्रतिदिन निष्ठा से सफाई कार्य कर रहे हैं।सफाई के दौरान घाटों पर बिखरी काँच की बोतलें, प्लास्टिक पन्नियां, दूषित कपड़े एवं अन्य प्रदूषित सामग्री अलग-अलग कर उठाई गई। इसके बाद संपूर्ण घाट परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की गई।

### लोग बार-बार गंदगी फैला देते हैं : शाहिद

मैया अभियान के सेवादार शाहिद खान ने बताया कि हर सप्ताह हमारी टीम घाटों की सफाई करती है, लेकिन जनचेतना के अभाव में लोग बार-बार गंदगी फैला देते हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। 'अभियान की टीम ने नगरवासियों व विद्यार्थियों से अपील की है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन घाटों की स्वच्छता में अपना योगदान दें तथा गंदगी फैलाने वालों को विनम्रता से समझाएँ। साथ ही, टीम ने पुलिस विभाग से अपेक्षा जताई है कि रात्रि समय घाटों में मदिरापान करने वालों पर कड़ी जुर्माना कार्यवाही की जाए।



# गिड़रिया टोला में टाइगर की दहशत

**चिल्हारी नवभारत 7 दिसंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के गडरिहा हार में टाइगर घुसा और एक बकरी को अपना निवाला बना लिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत है।

किसान अपने खलिहानों में धान की रखवाली करने जाते हैं, वहीं कुछ किसान अपने खेतों में गेहूं की बुवाई करने जाते हैं। टाइगर की खबर सुनकर इन किसानों की भी परेशानी बढ़ गई है। गड़रिहा टोला में सैकड़ों घर आदिवासियों, जायसवाल एवं साहू समाज के है। गांव के पास टाइगर का पहुंचना ग्रामीणों के लिए खतरे की घंटी है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

# पुल का निर्माण समय सीमा में पूर्ण करें : भदौरिया

▶ कलेक्टर ने अमरपुर में विकास कार्यों का लिया जायजा



**डिंडौरी,नवभारत 6 दिसंबर।** विकासखंड अमरपुर में शनिवार को कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने औचक निरीक्षण कर निर्माणाधीन विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और महिला स्वसहायता समूहों की गतिविधियों का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरमेर नदी पर पीएमजेएसवाई द्वारा बन रहे पुल का जायजा लिया। कलेक्टर ने ठेकेदार को निर्धारित डीपीआर मापदंड का पालन करते हुए पुल का निर्माण समय से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात से पहले आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### महोलो हेरिटेज का किया निरीक्षण

इसी क्रम में ग्राम पंचायत भाका अमरपुर में संचालित महोलो हेरिटेज का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने उत्पादन प्रक्रिया का विस्तार से अध्ययन किया और समूह की अध्यक्ष जयवती से महुआ से शराब बनाने की प्रक्रिया तथा उत्पादन लाभ और विक्रय पर चर्चा की। कलेक्टर ने हेरिटेज को फिर से सक्रिय रूप से संचालित करने के लिए सभी दीदियों को जिम्मेदारीपूर्वक काम करने और खाली मैदान में पेड़-पौधे, गमले, फूलदार एवं फलदार पौधे लगाने के निर्देश भी दिए।

### तेल प्रसंस्करण इकाई की महिलाओं से की मुलाकात

इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने स्थानीय तेल प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया, जहां 13 महिलाओं के समूह द्वारा सरसों, मूंगफली, तिल, नारियल, सोयाबीन आदि का देशी कोलु के माध्यम से प्राकृतिक रूप से तेल निकाला जाता है। दीदियों ने कलेक्टर को बताया कि तेल का विक्रय स्थानीय बाजारों और प्रदर्शनी में किया जाता है, जिससे समूह को अच्छा लाभ मिल रहा है।

# पनपथा रेंज बना भ्रष्टाचार का अड्डा

▶ चौकीदारों से कराया जा रहा सड़क मरम्मत एवं सफाई का कार्य

**चिल्हारी नवभारत 7 दिसंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत रेंज ऑफिस पनपथा इन दिनों अधिकारी कर्मचारियों का चारागाह बना हुआ है। बता दें कि बांधवगढ़ नेशनल पार्क मेंन रोड सड़क के चारों तरफ जंगली घास को जंगल के चौकीदारों से कटवाया जा रहा है, जबकि इसके लिए प्रशासन द्वारा भरपूर बजट दिया जा रहा है।

जानकारी में बताया गया कि चौकीदारों की जवाबदारी वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं गश्ती करना है, लेकिन यह कार्य नही कराकर सड़क मरम्मत एवं सड़क की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। आखिर साफ सफाई व चारा कटाई में मजदूरों की मज़दूरी का पैसा कहां जाता है, जो जांच का विषय है। रोड में सफाई का कार्य पतौर रेन्ज में पदस्थ रेन्जर द्वारा कराया जा रहा है जो अनैतिक है। बीते दिनों गश्ती में लापरवाही के कारण कुशमहा गांव में बाघ की मृत्यु हो गई थी, यदि समय रहते बाघ का उपचार किया गया होता तो शायद उसकी जान बच जाती।

### पनपथा-कोठियां सड़क निर्माण में हुआ घोटाला

हमारे नवभारत संवाददाता को विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पनपथा-कोठियां सड़क मार्ग के निर्माण के दौरान पिछले बजट में कई लाखों का घोटाला किया गया था। सड़क नहीं बनी और आठ लाख रूपये की राशि आहरित कर बन्दरबाट की गई। पुनः दूसरे बजट को देने की तैयारी की जा रही है। इतना ही नहीं अपनी जांच को प्रभावित करने के लिए इस तरह से षड़यंत्र रचे जा रहे है। बीटीआर उमरिया के वरिष्ठ अधिकारी एवं वन विभाग के प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी से सम्बन्धित प्रकरण को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

# 7 खिलाड़ी राज्य स्तरीय डॉजबॉल स्पर्धा में चमके

▶ जनजातीय विभाग की बालिका टीम उपविजेता, बालक वर्ग में मिला तृतीय स्थान




**डिंडौरी, शहपुरा, नवभारत 7 दिसंबर।** जिले के खिलाड़ियों ने डॉजबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए डिंडौरी का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है।

शालेय डॉजबाल बालक एवं बालिका वर्ग की क्षेत्रीय एवं विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शहपुरा में आयोजित की गई। इसमें मंडला, डिंडौरी, धार, खरगोन, जबलपुर, छिंदवाड़ा और झाबुआ जिलों के चुनिंदा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जनजातीय कार्य विभाग, मध्य प्रदेश का दल चयनित किया गया।

**खिलाड़ियों ने जिले को किया गौरवान्वित**-69वीं शालेय राज्य स्तरीय डॉजबाल स्पर्धा 1 से 5 दिसंबर तक भानपुरा, मंदसौर में आयोजित हुई, जिसमें डिंडौरी जिले से 7 खिलाड़ियों ने दल प्रबंधक रोहित चंद्रौल और प्रशिक्षक भास्कर पाटिल के मार्गदर्शन में भाग लिया। इसमें डिंडौरी से चयनित खिलाड़ी देवंती पूषाम, अभिलाष परस्ते, राजेश्वरी परस्ते, अंजलि कुशराम, अभिलाष धुर्वे, आकाश धुर्वे, भागवत मरावी के शानदार प्रदर्शन के कारण जिले की बालिका टीम उपविजेता रही, जबकि बालक वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

**राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का करेंगे प्रतिनिधित्व**-जिला खेल प्रभारी जनजाति कार्य विभाग पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि राज्य स्तरीय उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले के अधिकांश खिलाड़ी आगामी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## छात्रावासों को आकर्षक बनाने की पहल

**डिंडौरी।** कलेक्टर द्वारा गोंडी पेंटिंग के प्रोत्साहन और प्रचार प्रसार हेतु अभिनव पहल की गयी है। इसमें शासकीय भवनों को साफ सुथरा और आकर्षक बनाने के लिये शासकीय भवनों के मुख्य द्वार पर गोंडी पेंटिंग कराई जा रही है। इसकी शुरूआत कलेक्ट्रेट कार्यालय से की गयी है। कलेक्टर के निर्देशन में सर्वशिक्षा अभियान की जिला परियोजना समन्वयक श्वेता अग्रवाल ने सर्व शिक्षा अभियान के समस्त छात्रावासों के मुख्य द्वार पर गोंडी पेंटिंग करायें जाने के निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों के परिपालन में गाडासरई सहित कई छात्रावासों में पेंटिंग का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। शेष छात्रावासों को भी 15 दिवस के भीतर पेंटिंग कार्य करायें जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# सांदीपनि विद्यालय की मेधावी छात्रा पूर्वी को मिली स्कूटी



**शहपुरा नवभारत 7 दिसंबर।** सांदीपनि विद्यालय शहपुरा की होनहार छात्रा पूर्वी सोनी ने अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर बारहवीं कक्षा में होम साइंस विषय में जिले में टॉप कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

पूर्वी ने न केवल जिला स्तर पर बल्कि विद्यालय स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मेधावी छात्र स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी प्रदान की गई। स्कूटी मिलते ही विद्यालय में खुशी का माहौल रहा और छात्र-छात्राओं में भी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य यशवंत साहू ने पूर्वी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्वी ने अपनी लगन, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किया है।

**ऐसे परिणाम विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं : प्राचार्य**-प्राचार्य ने कहा कि ऐसे परिणाम अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते हैं। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूर्वी सोनी को बधाई देते हुए भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने की शुभकामनाएँ दीं। पूर्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय के शिक्षण वातावरण को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वह बेहतर परिणाम लाकर अपने क्षेत्र और विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा रखेंगी।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में हर रविवार को लग रहा है हाट बाजार



**डिंडोरी, नवभारत 7 दिसंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम अब सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

नगर में बीते रविवार से उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में जिला प्रशासन, मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन तथा कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जैविक हाट बाजार का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस हाट बाजार में ग्रामीण अंचलों के छोटे एवं सीमांत किसान तथा महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा जैविक पद्धति से उत्पादित सब्जियां, शहद, मिलेट्स, पारंपरिक खाद्य सामग्री व हस्तशिल्प उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**किसानों को मिल रहा उचित मूल्य**-इससे किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल रहा है तथा उपभोक्ताओं को रासायनिक मुक्त, ताज़ा एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद एक ही स्थान पर प्राप्त हो रहे हैं। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों तथा महिला समूहों को प्रशिक्षण, पैकेजिंग, विपणन और परिवहन सहायता भी प्रदान की जाएगी, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता बनी रहे और उनका सीधा लाभ उत्पादकों को मिल सके।हाट बाजार में उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विक्रेताओं के चयन में जैविक उत्पादन के सत्यापन को प्रमुख आधार बनाया गया है।

# 1757 हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



**डिंडौरी,नवभारत 7 दिसंबर।** समनापुर के उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में शनिवार को लोक स्वास्थ्य कल्याणकारी शिविर सह रोजगार मेला ग्रामीणों के लिए बड़े अवसर के रूप में साबित हुआ। शिविर में कुल 1757 हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिला। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाएं, शासन योजनाएं और रोजगार अवसरों को एक ही मंच पर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन की टीम द्वारा भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

**1164 हितग्राही का स्वास्थ्य परीक्षण**-शिविर में कुल 1164 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें668 स्वास्थ्य विभाग,496 आयुष विभाग के तहत जाँचें की गईं।सभी लाभार्थियों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। 6 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को नियुक्ति पत्र, 11 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी स्वीकृति पत्र, 4 महिलाओं को पोषण आहार किट, 33 बच्चों का वजन, 4 गर्भवती महिलाओं को आहार संबंधी परामर्श दिया गया।



# आरोपियों से 105 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

▶ कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार पहिया वाहन भी किया गया जब्त

**डिंडौरी, नवभारत 7 दिसंबर।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर अमरपुर रोड स्थित माडर्न इंग्लिश स्कूल के पीछे की पहाड़ी पर दबिश देकर 105 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां नीले रंग की बोलेनो कार संदिग्ध हालत में खड़ी मिली। तलाशी लेने पर कार में बैठे तीनों युवक अवैध शराब का जखीरा लेकर जिले में तस्करी की फिराक में थे। इसमें आरोपी मनीष तिवारी, अश्वनी मानिकपुरी, राजू लाल यादव शामिल थे.

### शराब का कुल बाजार मूल्य 67,650 रुपये है

पुलिस कार्रवाई के दौरान कार से जीनियस रम के 9 कार्टून (प्रत्येक में 50 पाव, कुल 81 लीटर) और हंटर बीयर के 2 कार्टून (500 एमएल, कुल 24 लीटर) मिलाकर कुल 105 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब का कुल बाजार मूल्य 67,650 रुपये, जबकि बोलेनो कार का अनुमानित मूल्य 6 लाख रुपये बताया गया है। कुल जब्ती 6,67,650 रुपये के आसपास है। आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना ही प्रशासन का लक्ष्य : भदौरिया

▶ कलेक्टर ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों की बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश



**डिंडौरी, नवभारत 7 दिसंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में रविवार को कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में जिले के समस्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे ने मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की चरणबद्ध समीक्षा की। कलेक्टर ने सीएचओ को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा सर्वोच्च लक्ष्य है और इसमें सीएचओ प्रथम पंक्ति के अधिकारी हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत सभी सेवाएं समय-सीमा में पूर्ण हों तथा संबंधित विभागीय पोर्टलों पर अनिवार्य रूप से डेटा एंट्री की जाए।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचओ को किया जाएगा प्रोत्साहित**-उन्होंने स्पष्ट किया कि पोर्टल में डेटा दर्ज नहीं होने पर कार्य को अपूर्ण माना जाएगा। 'बैठक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीएचओ को प्रोत्साहित किया गया, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले सीएचओ को सुधार के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी सीएचओ को मुख्यालय में निवासरत रहकर सेवाएं प्रदान करने और सार्थक ऐप पर प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश भी दिए।

**गर्भवती महिलाओं का पंजीयन अनिवार्य किया जाए : मरावी**-डॉ. मनोज उरैती ने सिकल सेल एवं टीबी की 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग कर डेटा पोर्टल पर अपलोड करने की प्रगति प्रस्तुत की। जिला मूल्यांकन अधिकारी राजेश मरावी ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन अनिवार्य किया जाए तथा एएनसी जांच समयसीमा में सुनिश्चित हों। एनीमिया स्क्रीनिंग 100ज करने पर विशेष बल दिया गया।

**मानवीय संवेदना के साथ सेवा करें**-कलेक्टर ने सभी सीएचओ से कहा कि आप ग्रामीण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, संवेदनशीलता और मानवीयता के साथ करें। डॉक्टर समाज के लिए भगवान का रूप माने जाते हैं, इसलिए गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करना हमारा परम धर्म है। 'बैठक में पीआरओ चेतराम अहिरवार, आनंद मोहरे, सौरभ जैन, यादवेंद्र परिहार सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।